जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक/जीविवि/परीक्षा-2/गोपनीय/2020/1895 **दिनांक : 01.01.2020**

प्रति,

आवश्यक सूचना

प्राचार्य/प्राचार्या/विभागाध्यक्ष/समन्वयक
समस्त शासकीय एवं अशासकीय सम्बद्ध महाविद्यालय एवं अध्ययनशालाऐं
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

विषयः- बी.बी.ए. प्रथम सेमेस्टर, (नियमित/भूतपूर्व एवं ए.टी.के0टी (A.T.K.T) - छात्रों के लिये) परीक्षा दिसम्बर-2019 के छात्रों के प्रायोगिक(मौखिकी) (VIVA-VOCE) परीक्षा के अंक दिनांक 08.01.2020 तक अनिवार्य रूप से ऑनलाईन अपडेट करने एवं प्रायोगिक परीक्षा एवं आंतरिक मूल्यांकन की हार्डकॉपी विश्वविद्यालय में दिनांक 11.01.2020 तक जमा करने वावत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गतलेख है कि, **बी.बी.ए. प्रथम सेमेस्टर, (नियमित/भूतपूर्व एवं ए.टी.के0टी (A.T.K.T)** - छात्रों के लिये) परीक्षा **दिसम्बर-2019** की प्रायोगिक मौखिकी(VIVA-VOCE) परीक्षा हेतु विश्वविद्यालय द्वारा बाह्य परीक्षकों की नियुक्ति की जा चुकी है। नियुक्त किये गये बाह्य परीक्षकों के नियुक्ति पत्र संबंधित महाविद्यालयों की ओर महाविद्यालयों की ई-मेल आई.डी0 पर भेजे जा चुके है। ऐसे महाविद्यालय जिनको प्रायोगिक परीक्षा हेतु बाह्य परीक्षको के नाम प्राप्त नहीं हुऐ है, वह विश्वविद्यालय से पत्र प्राप्त करें एवं नियुक्त बाह्य परीक्षकों से सम्पर्क कर शीघ्र परीक्षाऐं सम्पन्न कराने का कष्ट करें।

बी.बी.ए. प्रथम सेमेस्टर, (नियमित/भूतपूर्व एवं ए.टी.के0टी (A.T.K.T)-छात्रों के लिये) परीक्षा दिसम्बर-2019 के छात्र/छात्राओं की प्रायोगिक(मौखिकी)(VIVA-VOCE) परीक्षा सम्पन्न कराकर प्रायोगिक परीक्षा के अंक विश्वविद्यालय की बेबसाइट पर दिनांक 08.01.2020 तक अनिवार्य रूप से ऑनलाईन अपडेट करें, अपडेट किये गये आंतरिक मूल्यांकन एवं प्रायोगिक परीक्षा के अंको की सूची की हार्डकापी विश्वविद्यालय के गोपनीय विभाग के प्रायोगिक सेल में दिनांक 11.01.2020 तक अनिवार्य रूप से जमा करायें।

आपको यह भी ज्ञात होगा कि, आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक परीक्षा के अंक सभी नियमित/भूतपूर्व छात्र/छात्राओं के ऑनलाईन अपडेट किये जाने है तथा ए.टी.के0टी (A.T.K.T), परीक्षा में सम्मलित परीक्षार्थी के आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक परीक्षा के अंक ऑनलाइन अपडेट नहीं होते है। केवल ऐसे ए.टी.के0टी (A.T.K.T), परीक्षार्थी जो आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण है। केवल उन्ही छात्रों के नवीन आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक परीक्षा के अंक अपडेट किये जाते है।

आपको यह पुनः स्मरण कराया जाता है कि, आपके महाविद्यालय के लिये नियुक्त बाह्य परीक्षकों के नियुक्ति पत्र आपके महाविद्यालय की ई-मेल आई0डी0 पर विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में प्रेषित किये गये हैं।

विशेष नोट :-

महाविद्यालय प्राचार्य आवश्यक रूप से यह सुनिश्चित करें कि, महाविद्यालय में अध्ययनरत समस्त छात्र/छात्राओं के आंतरिक मूल्यांकन एवं प्रायोगिक परीक्षा के अंक निर्धारित अवधि में एम0पी0 ऑनलाइन पर अपडेट हों, यदि महाविद्यालय द्वारा किसी छात्र/छात्रा के आंतरिक मूल्यांकन एवं प्रायोगिक परीक्षा के अंक ऑफलाइन हार्डकॉपी पर अंकित कर भेजे जाते है तो ऐसे अंक विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी परिस्थिति में मान्य नहीं किये जावेंगे। आंतरिक मूल्यांकन एवं प्रायोगिक परीक्षा के अंको के अपडेट नहीं किये जाने की स्थिति में **छात्र/छात्राओं का प्रवेश पत्र,उपस्थिति पत्रक एवं डॉकेट जारी नहीं किया जावेगा** एवं परीक्षा परिणाम अनुपस्थित मानकर घोषित किया जावेगा। जिसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन मान्य नहीं होगा तथा विश्वविद्यालय द्वारा इस संदर्भ में कोई भी पत्र व्यवहार नहीं किया जावेगा ऐसे किसी भी प्रकरण में होने वाली किसी भी बैधानिक कार्यवाही हेतु महाविद्यालय प्राचार्य स्वंय जिम्मेदार होंगे। महाविद्यालय द्वारा यदि प्रायोगिक परीक्षा एवं आंतरिक मूल्यांकन के अपडेट अंको की हार्डकॉपी विश्वविद्यालय में समयावधि में जमा नहीं की जाती है तो महाविद्यालय द्वारा बिलंब से प्रस्तुत अंको की स्वीकार करने के सबंध में माननीय कार्यपरिषद के निर्णयानुसार कार्यवाही की जावेगी।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :-

1. कुलपति महोदया के सचिव,जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
2. कुलसचिव के निजि सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
3. उप/सहा0 कुलसचिव(गोपनीय) जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
4. प्रभारी, आई0टी0 सेल, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर की ओर इस आश्य हेतु कि, उक्त परीक्षा में सम्मलित छात्र/ छात्राओं के अंक एम0पी0ऑनलाइन पोर्टल पर अपडेट हेतु लिंक उपलब्ध करावें।
5. विश्वविद्यालय की बेबसाइट पर अपलोड हेतु।

उप/सहा0 कुलसचिव (गोपनीय)